
धनबाद, मंगलवार
24 जुलाई 2018
आसनसोल
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 12

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
प. बंगाल, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित



भारत की जीत का रास्ता तैयार करेंगे तेज गेंदबाज 10

ट्रंप बोले, अमेरिका को धमकी ना दे ईरान 12



# बच्चों को पौधरोपण के लिए किया गया प्रेरित

**जागरण संवाददाता, आसनसोल:** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के प्रांगण में सोमवार कोलायंस क्लब आसनसोल ग्रेटर की ओर से पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। बच्चों ने मनमोहक गीत की प्रस्तुति के माध्यम से पर्यावरण की देखभाल एवं अधिकाधिक पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल आरडी शर्मा ने लायंस क्लब के सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि जयंती मल्लिक ने कहाकि प्रत्येक व्यक्ति जीवन में कम से कम एक वृक्ष लगाएं। कोई भी जीवधारी मृत होने के बाद अनुपयोगी हो जाता है, जबकि मृत होने के बाद पेड़ों से हमें इमारती लकड़ी मिलती है जो सैकड़ों वर्षों तक उपयोगी रहती है। स्कूल प्रिंसिपल ने छात्रों को पौधारोपण के साथ-साथ उसकी देखरेख पर भी बल दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के प्रतीक गोयनका, प्रधानाचार्य आरडी शर्मा, लायंस क्लब की जयंती मल्लिक, अंबिका मुखर्जी (रीजनल चेयरपर्सन), अमित चट्टराज, मनोज कुमार, शिप्रा दास, अशोक साव व छात्र छात्राओं ने पौधरोपण किया।

## पौधरोपण से आएगी हरियाली

**संस, अंडाल (दुर्गापुर) :** दैनिक जागरण के पौध लगाएं, वृक्ष बचाएं अभियान के तहत काजोड़ा-बहुला मार्ग एवं नव काजोड़ा के यूटीयूसी श्रमिक संगठन के कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। जहां यूटीयूसी के महामंत्री सीबी मिश्रा समेत अन्य सदस्यों ने पौधरोपण किया। मौके पर पिपल, नीम, कटहल आदि का पौधा लगाया गया। सीबी मिश्रा ने कहा कि दैनिक जागरण द्वारा पौधरोपण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए यह पहल काफी सराहनीय है। ऐसे पहल से पौधरोपण एवं वृक्ष की रक्षा करने की जागरूकता लोगों में आएगी।